कार्यालय
अधिशासी अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई(सिं.ख.) रूद्रप्रयाग।

पत्रांकः-1897/पी.एम.जी.एस.वाई. (सिं.ख.) रूद्रप्रयाग/ दिनांक 05/02/2018

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण,,इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड देहरादून।

विषयः- जनपद रूद्रप्रयाग में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत सन से बज्यूंण मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 7.094 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु ग्राम्य विकास विभाग को प्रत्यावर्तन।

सन्दर्भ : आपका पत्रांक- 1131/FP/UK/ROAD/26662/2017 दिनांक 27-09-2017

महोदय,

उपरोक्त विषय सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि विषयांकित पत्र में लगायी गई आपत्तियों का बिन्दुवार निराकरण कर दिया गया है। जो कि निम्नवत् हैं :-

1. प्रस्ताव में संलग्न लाभान्वित होने वाले ग्रामों की सूची के अनुसार सभी ग्रामों के अनापत्ति प्रमाण-पत्र, उपस्थिति एवं हस्ताक्षर एफ0आर0ओ0 में संलग्न कर दिया गया है।
2. प्रस्ताव में प्रभागीय वनाधिकारी की एस0आई0आर0 प्रपत्र भरवाकर संलग्न कर दिया गया है।
3. परियोजना में प्रभावित होने वाले सभी वृक्षों का वैज्ञानिक नाम पृथक रूप से अंकित कर संलग्न कर दिया गया है।
4. बांज वृक्ष प्रभावित होने के कारण वन संरक्षक की स्थलीय निरीक्षण आख्या संलग्न कर दी गयी है।
5. सी0बी0आर0 प्रपत्र मात्रात्मक रूप से भरकर संलग्न कर दिया गया है।

अतः उपरोक्त प्रस्ताव में लगायी गई आपत्तियों का निराकरण करने के उपरान्त पुनः अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु सलग्न प्रेषित है।

संलग्न - वनभूमि प्रस्ताव तीन प्रतियों में।

(आर0सी0उनियाल)
अधिशासी अभियन्ता
पी.एम.जी.एस.वाई. सिंचाई खण्ड,
रूद्रप्रयाग।

पत्रांकः- /पी.एम.जी.एस.वाई. (सिं.ख.) रूद्रप्रयाग/ तद्दिनांक।

प्रतिलिपि - प्रभागीय वनाधिकारी, रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग को सूचनार्थ प्रेषित।

(आर0सी0उनियाल)
अधिशासी अभियन्ता
पी.एम.जी.एस.वाई. सिंचाई खण्ड,
रूद्रप्रयाग।

15/2/18
निदेशक
भूमि सर्वेक्षण निदेशालय
इन्दिरा नगर, फॉरेस्ट कालोनी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

JET FILE



Scanned by CamScanner